# प्रगति आख्या (2016-17)

**डॉ. उमेश कुमार झा, प्राचार्य**

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनूपशहर अपनी स्थापना के 52 वर्ष पूर्ण कर चुका है। सन् 1965 से 2017 तक की इस अवधि में महाविद्यालय ने उत्तरोतर संरचनात्मक एवं गुणात्मक प्रगति की है। वर्तमान समय में चार अनुदानित एवं चार स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं, जिनमें कुल 1565 छात्र-छात्रायें अध्ययनरत हैं। शैक्षणिक उपलब्धियों एवं अनुशासन की दृष्टि से यह महाविद्यालय चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में अपना विशिष्ट स्थान रखता है।

01. सत्र 2016-2017 का परीक्षाफल विगत वर्ष की भाँति उत्तम रहा है। महाविद्यालय में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार परीक्षाफल निम्न प्रकार है–

| पाठ्यक्रम | परीक्षाफल (उत्तीर्ण प्रतिशत) |
|---|---|
| बी.ए. | 92.06% |
| बी.एस-सी. | 100% |
| बी.कॉम. | 96.29% |
| बी.सी.ए. | 93.44% |
| एम.ए. (संस्कृत) | 85.18% |
| एम.एस-सी. (भौतिकी) | 62.50% |
| एम.एस-सी. (रसायन) | 64.70% |
| बी.एड. | 96.61% |

02. प्रबन्ध समिति द्वारा महाविद्यालय में सभी कक्षायें सुचारू रूप से चलाने हेतु विभिन्न विषयों में शासन स्तर से शिक्षकों के रिक्त पदों के सापेक्ष अंशकालिक शिक्षकों (ट्यूटर) की व्यवस्था की गयी है।

03. महाविद्यालय में रेडियो फ्रिकवेंसी लिंक द्वारा 4G की गति से सभी विभागों, पुस्तकालयों तथा कार्यालयों मे इंटरनेट की सुविधा प्रदान की गयी है।

04. "आन्तरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC)" के तत्वाधान में शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों की गुणवत्ता संवर्धन का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।

05. महाविद्यालय में दिनांक 04-05 मार्च 2017 को "भूमण्डलीकरण के युग में मानवाधिकारों की सुरक्षा : चुनौतियां एवं अवसर" विषय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।

06. अनूपशहर के वरिष्ठ नागरिकों हेतु दिनांक 20.06.2017 से 19.10.2017 तक एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया।

07. दिनांक 21.06.2017 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों को योगाअभ्यास का प्रशिक्षण दिया गया।

08. मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार "एक दीप शहीदों के नाम" कार्यक्रम का आयोजन कर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजली अर्पित की गयी।

09. महाविद्यालय में राष्ट्रीय पर्व के रूप में 15 अगस्त 2017 को स्वतंत्रता दिवस तथा 02 अक्टूबर 2017 को गांधी जयंती उत्साह पूर्वक मनायी गयी।

10. महाविद्यालय में वर्ष भर अनेक महापुरूषों की जयंती तथा राष्ट्रीय महत्व के दिवसों जैसे "राष्ट्रीय खेल दिवस", "राष्ट्रीय शिक्षक दिवस", "राष्ट्रीय हिन्दी दिवस", "राष्ट्रीय शिक्षा

दिवस", "राष्ट्रीय गणित दिवस", "राष्ट्रीय युवा दिवस" तथा "राष्ट्रीय मतदाता दिवस" पर विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर मनाया गया।

11. मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार "विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानन्द जी के भाषण के 125 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य" में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के उद्‌बोधन का सजीव प्रसारण किया गया।

12. महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई एवं एन.एस.एस. इकाई के विद्यार्थियों को वर्षभर प्रशिक्षण दिया गया। अनेक विद्यार्थियों ने एन.सी.सी. के 'बी' एवं 'सी' प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु विशेष शिविरों में प्रतिभाग किया। दिनांक 28.09. 2017 को एन.सी.सी. कैडेट्स ने "स्वच्छ भारत अभियान" के अन्तर्गत रैली निकाल कर जन सामान्य को जागरूक किया। दिनांक 06.12.2017 को एन.सी.सी. कैडेट्स ने गंगा घाटों की साफ सफाई कर जनसामान्य को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया।

13. 31 अक्टूबर 2017 को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय अंखड़ता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर "एकता के लिये दौड़" तथा सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

14. महाविद्यालय में 07 एंव 08 नवंबर 2017 को अंतर्विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बी.ए. की टीम विजयी रही ।

15. महाविद्यालय में 15 नंम्बर 2017 को बुलन्दशहर चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने 42 यूनिट रक्तदान किया।

16. महाविद्यालय में वार्षिक "खेलकूद प्रतियोगिता" का आयोजन दिनांक 22 एवं 23 नवम्बर 2017 को किया गया, जिसमें अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। दिनांक 13 एवं 14 नवम्बर 2017 को एम.एम.एच. महाविद्यालय गाजियाबाद में आयोजित अंर्तमहाविद्यालयी शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता के 75 कि.ग्रा. वर्ग में बी.सी.ए. के छात्र गौरव कुमार ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, गौरव का चयन वि.वि. की टीम ने अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालयी प्रतियोगिता के लिये किया गया। शक्ति उत्तोलन प्रतियोगिता के 74 कि.ग्रा. वर्ग में बी.एस-सी. के छात्र करन कुमार ने विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

17. पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अन्तर्गत दिनांक 25-11-2017 को एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 300 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

18. उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार कोतवाली प्रभारी, अनूपशहर के नेतृत्व में दिनांक 08.12.2017 महिला सुरक्षा विषय पर एक कार्यशाला आयोजित कर छात्राओं को आत्मरक्षा के कौशल सिखाये गए।

19. भारत सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 09.12.2017 को मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर प्राचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने मानवाधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ ग्रहण की।

20. दिनांक 15.12.2017 को पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने विभिन्न विषयों जैसे बेटी बचाओं बेटी पढाओं, पर्यावरण संरक्षण आदि पर अपनी प्रस्तुति दी ।

21. दिनांक 18.12.2017 से 23.12.2017 तक छः दिवसीय "स्काउट एवं गाइड शिविर" का आयोजन किया गया जिसमें बी.एड. प्रशिक्षुओं ने व्यक्तित्व एवं सामाजिक विकास की अनेक विधाओं को सीखा तथा विभिन्न सामाजिक बुराईयों जैसे-कन्या भ्रूण हत्या, दहेज हत्या, अशिक्षा आदि को मिटाने हेतु एक जनजागरण रैली भी निकाली ।

22. भारत सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 22.12.2017 को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गयी तथा



CamScanner

बी.ए. की छात्रा सुरभि शर्मा को अभियान की नायिका तथा बी.कॉम. के छात्र राहुल शर्मा को नायक चुना गया।

23. दिनांक 20.01.2018 को मतदाता जागरूकता विषय पर श्री सदानन्द गुप्ता उपजिलाधिकारी अनूपशहर के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गयी। दिनांक 25.1.2018 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर श्री जीत लाल सैनी, तहसीलदार अनुपशहर की उपस्थिति में प्राचार्य, शिक्षकों कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने स्वस्थ लोकतंत्र हेतु निष्पक्ष मतदान की शपथ ग्रहण की।

24. दिनांक 26.01.2018 को महाविद्यालय में "गणतंत्र दिवस" समारोह धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

25. दिनांक 31.1.2018 को उत्तरप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संत रविदास जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

26. दिनांक 14 एवं 15 फरवरी 2018 को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ प्रत्येक कक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा महाविद्यालय की पत्रिका "ऋतम्भरा के इक्कीसवें अंक" का विमोचन किया गया।

27. दिनांक 24 फरवरी 2018 को महाविद्यालय में "उच्च शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धनः सम सामयिक मुद्दे" विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी प्रस्तावित है।

श्रद्धेय श्री जयप्रकाश जी गौड़ अध्यक्ष, ऐंग्लो वैदिक शिक्षा समिति के नेतृत्व में महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। ❑